हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 जुलाई 2026

04 सीईओ का आदेश बेअसरः जसवंतनगर...



07 जनसुनवाई में 310 आवेदनों पर सुनवाई कई मामलों...





## खबर संक्षेप

### ईसीएचएस सदस्यों का सम्मेलन आज

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बिनेन्द्र कुमार दीक्षित ने बताया कि समस्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए स्टेशन कमांडर, सागर की अध्यक्षता में 2 जुलाई को प्रातः 9 बजे शाहवाज सैनिक इन्स्टीच्यूट में ईसीएचएस सदस्यों हेतु सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने समस्त स्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों अनुरोध किया गया सम्मेलन में उपस्थित होकर कर उसका लाभ लें ।

### जिले में अब तक 36.01 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 36.01 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक गढ़ाकोटा केन्द्र पर सर्वाधिक 160 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर में 42.6 मि.मी, जैसीनगर में 9.2 मि.मी, राहतगढ़ में 0.0 मि.मी, बीना में 0.0 मि.मी, खुरई में 14.0 मि.मी, मालथौन में 16.0 मि.मी, बंडा में 44.0 मि.मी, शाहगढ़ में 6.0 मि.मी, गढ़ाकोटा में 160.5 मि.मी, रहली में 88.0 मि.मी, देवरी में 26.2 मि.मी, केसली में 26.4 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।

### अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में आज हरि सिंह गौर, शिवाजी नगर वार्ड एवं मधुकर शाह वार्ड से लगभग चार दर्जन तीर्थ यात्रियों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ तीर्थ यात्रा पर रवाना होने वाले तीर्थ यात्रियों का पुष्प हारों से स्वागत किया गया एवं गले मिलकर बधाई दी इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने उन सभी तीर्थ यात्रियों की यात्रा मंगलमय हो की कामना की एवं सभी को बधाई दी जो बाबा अमर नाथ के दर्शन करने का सौभाग्य पा रहे हैं संजय यादव, प्रीतम यादव, प्रदीप तिवारी, गुड्डू यादव, बबलू रजक, गोपाल रजक, अनु रजक, सुरेश पटेल, काशीराम रजक, सतीश साहू, मुकेश पवार, दीपेश यादव, काशीराम रैकवार, इन सभी को रवानगी करते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर सेवादल के अध्यक्ष सिंटू कटारे एवं ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे,नरेंद्र मिश्रा आनंद हेला महेश अहिरवार अन्नू घोसी आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### चेकिंग अभियान के दौरान बनाए गए बिजली चोरी के प्रकरण

**सागर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सागर नगर संभाग के अंतर्गत शहर में विभिन्न क्षेत्रो मे बिजली चोरी की शिकायते पाए जाने पर जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान बिजली कनेक्शनों में अनियमितता पाए जाने पर एवं अवैध रूप से डायरेक्ट बिजली चोरी करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 के तहत पंचनामा बनाकर धारा 135 के बिजली चोरी प्रकरण बनाए गए। नगर संभाग के कार्यपालन अभियंता इमरान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर के मार्गदर्शन में शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान सिविल लाईन जोन में शैलेन्द्र सेन डालचंद चक्की के सामने तिली, मलखान रैकवार प्राइमरी स्कूल के पास तिली, रामसेवक रैकवार बाघराज वार्ड, चंद्रकुमार कुशवाहा देशाई के बगीचा के पास तिली, मजहर अली प्राइमरी स्कूल के पास तिली, हमीदा बेगम लाल स्कूल के पास, सुमित यादव सिविल लाईन, कुसुम यादव सिविल लाईन, री करते पाए जाने पर पंचनामा बनाकर विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए है ।

## एमपीयूडीसी को टाटा प्रोजेक्ट को विधिवत नोटिस जारी कर आगामी कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश

# सागर व मकरोनिया में पानी सप्लाई को लेकर बड़ा फैसला टाटा कंपनी का अनुबंध समाप्त करने का निर्णय किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर और मकरोनिया में पिछले लंबे समय से चली आ रही लचर पेयजल व्यवस्था और नागरिकों की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए प्रोजेक्ट-6बी सागरद मकरोनिया जलप्रदाय उन्नयन योजना की क्रियान्वयन एजेंसी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का अनुबंध समाप्त (टर्मिनेट) करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी को नियमानुसार विधिवत नोटिस जारी कर आगामी सख्त कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। टाटा कंपनी की विदाई के बाद अब सागर नगर निगम और मकरोनिया नगर पालिका अपने-अपने क्षेत्रों में आत्मनिर्भर रहकर पूरी प्लानिंग के साथ पानी की सप्लाई की व्यवस्था खुद संभालेंगे। बैठक में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, मकरोनिया नगर परिषद अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री सहित एमपीयूडीसी और अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख अभियंता को विस्तृत प्रतिवेदन भेजकर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की वित्तीय सहायता से संचालित इस जलप्रदाय योजना के संचालन एवं संधारण में कंपनी द्वारा लगातार गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि अनुबंध में 24×7 जलप्रदाय की शर्त होने के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी शहर में केवल एक दिन छोड़कर जलापूर्ति की जा रही है, जिससे नागरिकों में असंतोष है और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। इसके साथ ही जलकर देयकों के वितरण एवं उपभोक्ताओं के डेटा प्रबंधन में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड ई-नगर पालिका पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सका। इसके कारण जलकर की भी बड़ी वसूली लंबित है।



## अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग में सिलेंडर फटा, सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी थाना अंतर्गत विगत सोमवार रात्रि देवरी रहली मार्ग स्थित रजौला तिराहे पर पेट्रोल पंप के समीप एक दूकान में अज्ञात कारणों से लगी आग में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस आगजनी के दौरान दूकान में रखा गैस सिलेण्डर फटने से अफरा-तफरी व्याप्त हो गई। सूचना मिलने के बाद देवरी नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाकर बड़े हादसे को टाल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत सोमवार रात्रि लगभग 11 बजे रजौला तिराहा स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के बिल्कुल समीप रखी संजय नगर निवासी मिठ्ठू साहू की गुमटी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई लोग कुछ समझ पाते इस दौरान दूकान में रखा गैस सिलेन्डर फटने फैली आग ने दूकान को अपनी जद में ले लिया। पेट्रोल पंप संचालक एवं प्रत्यदर्शियों की सूचना के बाद पहुँची देवरी नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाकर बड़े हादसे को टाल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दूकान में 1 और गैस सिलेन्डर रखा हुआ था जिसके फटने से बड़ी दुर्घटना की संभावना थी। आगजनी पीड़ित मिठ्ठू साहू 50 वर्ष ने बताया कि संजय नगर का निवासी है, और किराना एवं चाय की दूकान कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घटना दिनांक को वह शाम को दूकान बंद करके घर चला गया था जिसके बाद रात्रि में घटना की सूचना मिली थी। आगजनी के कारण उसकी दूकान का पूरा सामान जलकर राख होने से उसे भारी आर्थिक क्षति हुई है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस ने हनुमान जी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

अयोध्या स्थित रामजन्मभूमि पर नव निर्मित भगवान श्रीराम के मंदिर में सामने आई चढ़ावा चोरी की घटना को लेकर जन सामान्य उद्देलित है। देश के करोड़ा श्रद्धालुओं की आस्थाओं से खिलवाड़ के मामले में ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी देवरी ने अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय संकटमुखी हनुमान मंदिर पहुँचकर हनुमान जी को ज्ञापन सौपा और दोषियों को दण्ड देने की मांग की। विगत मंगलवार शाम पूर्व मंत्री हर्ष यादव के नेतृत्व में स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नगर वासियों ने रैली निकालकर जयकारे लगाये और रेज ऑफिस स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के चरणों में ज्ञापन अर्पित किया। कांग्रेस नेताओं द्वारा ज्ञापन में कहा कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दान पेटियों से श्रद्धालुओं से चढ़ावे में मिली दान राशि व बहुमूल्य आभूषणों के चोरी हिन्दु घर्म और धार्मिक आस्थाओं पर गहरा आघात है। ये इतिहास में पहली बार हुआ है जब हिन्दुओं के सबसे बड़े तीर्थ क्षेत्र में दल विशेष से संबंद्ध संगठित गिरोह द्वारा



इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे विश्व भर के सैकड़ों रामभक्तों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुँचा है। ज्ञापन में शासन-प्रशासन एवं कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए मामले में इस महापाप के दोषी व्यक्तियों को दंडित करने की प्रार्थना की गई। साथ ही, ज्ञापन में संबंधित मामलों में दोषियों को बचाने एवं उन्हे संरक्षण देने वालों आकाओं को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना भी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े धार्मिक स्थलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर न्याय और धर्म की स्थापना की प्रार्थना की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष बाबा राजौरिया, नगर अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, सौरभ नामदेव साबिर बाबा अमित सिरवाइयां प्रदीप पटेल विजय गुरु उमरम यादव राजकुमार यादव रामेश्वर यादव आशिक खान अखिल दुबे विनीत घोसी अनंतराम रजक राजू दीक्षित अशपक खान अक्षय यादव शामिल थे ।

## 108 पवित्र जल के घड़ों से जल अभिषेक किया गया

# स्नान पूर्णिमा के बाद 'अस्वस्थ' हुए जगत के पालनहार भगवान जगन्नाथ स्वामी, 15 दिन तक अनसर गृह में रहेंगे विराजमान

### वैद्य देखते भगवान की नाड़ी, औषधीय उपचार की परंपरा हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर के सिद्ध क्षेत्र एवं प्राचीन व श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भक्तिमय वातावरण के बीच स्नान पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का 108 पवित्र कलशों के जल, पंचामृत, गंगाजल, चंदन, पुष्प, औषधीय द्रव्यों एवं सुगंधित जल से भव्य महाअभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रही और मंदिर परिसर ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

महामंडलेश्वर एवं जगदीश मंदिर शाला के महंत श्री हरिदास जी ने बताया कि सनातन परंपरा एवं जगन्नाथ संस्कृति की प्राचीन मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा पर महाअभिषेक के पश्चात भगवान जगन्नाथ को ज्वर (बुखार) हो जाता है। इसी कारण भगवान अब अगले 15 दिनों तक 'अनसर गृह' (विश्राम कक्ष) में विराजमान रहेंगे। इस अवधि में भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन बंद रहेंगे और केवल सेवायत पुजारी ही उनकी सेवा,पूजा एवं उपचार करते हैं।




स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान के अस्वस्थ्य होने की परंपरानुसार वैद्य अंबिका प्रसाद तिवारी ने भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की नाड़ी परीक्षण की रस्म देखते हैं । वैदिक एवं आयुर्वेदिक परंपरा के अनुरूप उन्होंने भगवान के स्वास्थ्य का परीक्षण कर हालचाल जाना जाता है । इसके बाद भगवान के लिए औषधीय उपचार प्रारंभ किया जायेगा। मंदिर में भगवान को आयुर्वेदिक काढ़ा,जड़ी-बूटियों से युक्त औषधियां,फल एवं हल्का सात्विक भोग अर्पित किया जाएगा। यह अनूठी परंपरा वर्षों से श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जा रही है, जिसमें भगवान को मानव स्वरूप मानकर उनकी सेवा की जाती है।

### 15 दिन तक चलेगी विशेष सेवा

अनसर काल के दौरान भगवान को पूर्ण विश्राम कराया जाता है। प्रतिदिन सीमित सेवायतों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, औषधीय उपचार और भोग लगाया जाएगा। श्रद्धालु इस दौरान भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं कर सकेंगे,लेकिन मंदिर में अन्य धार्मिक अनुष्ठान नियमित रूप से चलते रहेंगे। भक्त भगवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करेंगे।

### नवयौवन दर्शन के बाद निकलेगी भव्य रथयात्रा

धार्मिक मान्यता के अनुसार अनसर अवधि समाप्त होने के बाद भगवान पूर्णतः स्वस्थ होकर नवयौवन वेश में प्रथम दर्शन देंगे। इसे नवयौवन दर्शन कहा जाता है। इसके पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ,बलभद्र एवं माता सुभद्रा सुसज्जित रथों पर विराजमान होकर भव्य रथयात्रा में नगर भ्रमण करेंगे। साथ ही बाजार वार्ड स्थित मालगुजार परिवार के जनकपुरी मंदिर में 15 दिन रूककर भक्तों को दर्शन देते हैं जहां 15 दिन भजन,कीर्तन, महाआरती का आयोजन होता है।रथ की रस्सी खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है और इस दिव्य यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। गढ़ाकोटा का प्राचीन श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर वर्षों से क्षेत्रवासियों की अटूट श्रद्धा का केंद्र रहा है। यहां स्नान पूर्णिमा, अनसर,नवयौवन दर्शन एवं रथयात्रा सहित सभी धार्मिक उत्सव वैदिक परंपराओं के अनुसार आयोजित किए जाते हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए यहां पहुंचते हैं।

### वेदों में भगवान जगन्नाथ की महिमा

'जगन्नाथ' का अर्थ है- समस्त जगत के स्वामी। वेदों में परमात्मा को संपूर्ण सृष्टि का पालनकर्ता बताया गया है। ऋग्वेद का प्रसिद्ध मंत्र- एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति। अर्थात परम सत्य एक है, किंतु विद्वान उसे अनेक नामों से पुकारते हैं। भगवान जगन्नाथ इसी सार्व भौमिक चेतना,समरसता और लोक कल्याण के प्रतीक हैं।

स्नान पूर्णिमा से लेकर अनसर, नवयौवन दर्शन और रथयात्रा तक की यह दिव्य परंपरा श्रद्धालुओं को सेवा,समर्पण, धैर्य,करुणा और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था का संदेश देती है। गढ़ाकोटा में यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ जीवंत रूप में निभाई जा रही है।

## बिना नंबर की स्कूटी से अवैध शराब तस्करी विदिशा से सागर जिले में कर रहा था सप्लाई

**खुरई।** शहरी पुलिस ने विदिशा जिले से सागर जिले में अवैध शराब की सप्लाई कर रहे एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 54 लीटर अवैध देसी शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की स्कूटी जब्त की है। पुलिस ने सोमवार दोपहर को इस पूरी कार्रवाई का खुलासा किया। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि विदिशा जिले के दानखेड़ी क्षेत्र से एक युवक स्कूटी पर बोरी में अवैध शराब भरकर खुरई की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल हरदुआ पुलिया के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को देखकर स्कूटी सवार युवक ने कट मारकर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम ध्रुव कुशवाहा (23), निवासी तलैया मंदिर के पास, कबीर वार्ड (खुरई) बताया। जब स्कूटी पर रखी दो बोरियों की तलाशी ली गई, तो उनके भीतर से कुल 300 पाव अवैध शराब बरामद हुई। जब्त की गई इस शराब की अनुमानित कीमत करीब 21 हजार रुपए है। थाना प्रभारी दांगी ने बताया कि आरोपी ध्रुव कुशवाहा के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने शराब और वाहन को कुर्क कर लिया है। कागजी कार्रवाई के बाद आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का स्वागत किया

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं रहली विधानसभा के विधायक पंडित गोपाल भार्गव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, जिला सागर की जिला अध्यक्ष रानी पटेल जिला कार्यालय मंत्री संजय चौबे लिधोरा एवं संजय दुबे ने गढ़ाकोटा पहुँचकर आत्मीय भेंट की तथा उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर सभी ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन एवं निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामना की।ईश्वर की कृपा सदैव आप पर बनी रहे।

## बीते 8 दिन में 86 जरुरतमंदों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया ब्लड हेल्पलाइन सेवा ने

**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 23 जून से 30 जून 2026 के मध्य 8 दिनों में 86 जरुतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। औसत रुप से प्रतिदिन 11 जरुरतमंदों को हेल्पलाइन सेंटर से उपलब्ध कराया गया। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 1804 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए "भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" जीवन रक्षक बन गई है। इस जन कल्याणकारी रक्त हेल्पलाइन सेवा प्रकल्प ने जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए हैं। बीते 8 दिनों में जिन 86 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के विभिन्न क्षेत्रों जैसे बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना, देवरी, बेगमगंज, दमोह, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर, दलपतपुर के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए जरूरतमंद मरीज शामिल हैं। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं निशुल्क रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर की निरंतर मानीटरिंग करते हैं। इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है जो चौबीस घंटे ओपन रहता है। लैंडलाइन नंबर 262688 पर भी जरुरतमंद सम्पर्क कर सकते हैं।



## भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण

**गढाकोटा।** सिद्ध क्षेत्र पटेरिया जगदीश शाला मंदिर प्रांगण में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा आयोजित भागवत कथा के समापन पर हुए भंडारे में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी शामिल हुए। उन्होंने दिव्य देवीलोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ में पहुँचकर माँ राजराजेश्वरी सहित दिव्य देवियों एवं नवग्रहों के दर्शन किए। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के जन्म दिवस पर उन्हें बधाई भी दी।

## खुरई में कार ने दो होटल कर्मचारी को मारी टक्कर, स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया



**खुरई ।** मंगलवार रात एक तेज रफ्तार कार ने दो होटल कर्मचारियों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अंबेडकर चौराहा के पास हुई।घायलों की पहचान राहुल रैकवार (28) और हरप्रसाद रैकवार (35) के रूप में हुई है। ये दोनों चिरौंजी कॉलोनी, ऋषभ कुमार वार्ड के निवासी हैं और गढ़ौला नाका स्थित एक होटल में काम करते हैं। होटल का काम खत्म करने के बाद दोनों अपने घर लौट रहे थे। अंबेडकर चौराहा के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। राहुल और हरप्रसाद के पैरों, हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।घायल हरप्रसाद रैकवार ने बताया कि वे अपने साथी के साथ अंबेडकर चौराहा से भूसा होते हुए घर जा रहे थे, तभी पीछे से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी शहरी पुलिस को दे दी है।

### अतिरिक्त प्रभार न लेने से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व समग्र आईडी के लिए भटक रहे लोग

# सीईओ का आदेश बेअसरः जसवंतनगर पंचायत के जनहित कार्य हुए ठप्प!

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है। धजरई ग्राम पंचायत के सचिव प्रभुदयाल यादव को ग्राम पंचायत जसवंतनगर का अतिरिक्त सचिवीय प्रभार सौंपा गया था, लेकिन आदेश जारी होने के कई दिन बाद भी उन्होंने जसवंतनगर का कार्यभार नहीं संभाला। नतीजतन पंचायत के आवश्यक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, समग्र आईडी सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

24 जून 2026 को जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश क्रमांक 2069 के अनुसार, सचिव रतिराम अहिरवार के स्थानांतरण के बाद ग्राम पंचायत जसवंतनगर में सचिवीय व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धजरई के सचिव प्रभुदयाल यादव को आगामी आदेश तक अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव प्रभुदयाल यादव ने आज तक जसवंतनगर का प्रभार नहीं लिया। इससे पंचायत कार्यालय में रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है जिन्हें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, समग्र आईडी में सुधार, परिवार समग्र, निवास संबंधी दस्तावेज एवं अन्य पंचायत सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव के नहीं आने से उन्हें बार-बार पंचायत और जनपद कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिला पंचायत सीईओ के स्पष्ट आदेश के बावजूद सचिव कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे हैं, तो इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि अधिकारी के आदेशों का ही पालन नहीं होगा तो आम जनता को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर कैसे मिलेगा। मामला अब प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही से भी जुड़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सीईओ के आदेश की तत्काल पालना कराई जाए तथा आदेश की अवहेलना करने वाले जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत की व्यवस्था सुचारु हो सके ।

#### पारिवारिक जिम्मेदारियों के बोझ तले दबे सचिव ने बताई मजबूरी




जब उक्त संबंध में ग्राम पंचायत धजरई के सचिव प्रभुदयाल यादव से बात की गई तो उन्होंने जसवंतनगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार नहीं संभालने के पीछे अपनी पारिवारिक परिस्थितियों को वजह बताया है। उन्होंने कहा कि वे दो-दो ग्राम पंचायतों का दायित्व निभाने की स्थिति में नहीं हैं। सचिव प्रभुदयाल यादव ने बताया कि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और अक्सर बीमार रहते हैं, जिनके उपचार के लिए उन्हें समय-समय पर बाहर जाना पड़ता है। इसके अलावा उनका 10 वर्षीय पुत्र भी है, जिसकी जिम्मेदारी भी उनके ऊपर है। इन परिस्थितियों में दो पंचायतों का कार्यभार संभालना उनके लिए व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अपनी पारिवारिक मजबूरियों से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को भी अवगत करा दिया है। सचिव यादव के अनुसार, सीईओ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि ग्राम पंचायत जसवंतनगर के अतिरिक्त प्रभार के लिए शीघ्र ही किसी अन्य सचिव की पदस्थापना संबंधी आदेश जारी कर दिए जाएंगे। फिलहाल वे अपने मूल पदस्थ ग्राम पंचायत धजरई का कार्य नियमित रूप से देख रहे हैं।

### कब्जे की नीयत से हमला करने एक दर्जन से अधिक लोग पहुंचे

# दबंगई का कहरः ट्रैक्टर चढ़ाकर तोड़ी निर्माणाधीन मकान की दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के समर्रा गांव में बुधवार को कथित दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां एक निर्माणाधीन मकान की दीवार को ट्रैक्टर से ढहा दिया गया। आरोप है कि एक दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडों और ट्रैक्टर के साथ मौके पर पहुंचे, जमकर उत्पात मचाया और विरोध करने पर पीड़ित पक्ष को जान से मारने का प्रयास किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के समर्रा गांव निवासी सुरेंद्र लोधी और हल्लू लोधी ने करीब दो वर्ष पहले मकान निर्माण के लिए जमीन खरीदी थी। लगभग छह महीने पहले उन्होंने मकान का निर्माण शुरू कराया था। पीड़ितों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान किसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन बुधवार दोपहर करीब एक बजे अचानक माहौल बदल गया। पीड़ितों के अनुसार, एक दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडों और ट्रैक्टर के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के ट्रैक्टर से निर्माणाधीन मकान की दीवार तोड़ना शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश की। सुरेंद्र लोधी का कहना है कि उन्होंने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने अजनौर निवासी अनिल लोधी, देवेंद्र लोधी, पप्पू लोधी, शोभाराम लोधी सहित करीब एक दर्जन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आरोपियों के खेत उनके निर्माणाधीन मकान से लगे हुए हैं और वे जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से इस तरह की दबंगई कर रहे हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। वीडियो में कथित रूप से कई लोग लाठी-डंडों के साथ मौके पर मौजूद दिखाई दे रहे हैं, जबकि ट्रैक्टर से दीवार तोड़ी जा रही है। पीड़ित पक्ष ने वीडियो सहित अन्य साक्ष्य कोतवाली थाना पुलिस को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और उपलब्ध वीडियो व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना एक बार फिर कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है कि यदि किसी भूमि को लेकर विवाद था तो उसका समाधान न्यायालय या प्रशासनिक प्रक्रिया से किया जाना चाहिए था। निर्माणाधीन मकान की दीवार गिराने और कथित रूप से लाठी-डंडों के बल पर दबाव बनाने जैसी घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती दबंगई की ओर इशारा करती हैं।

**नोटः** इस समाचार में लगाए गए आरोप पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आधारित हैं।

### आरोपी युवक की मां ने लगाई गुहार

# एफआईआर में नाम, लेकिन सीसीटीवी में मौजूदगी कहीं और



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में दर्ज एक मारपीट के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। थाना कोतवाली में दर्ज मारपीट के अपराध में आरोपी बनाए गए महेंद्र सिंह गौर की माँ मनीषा राजे गौर ने अपने बेटे महेंद्र को निर्दोष बताते हुए पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका दावा है कि जिस समय उन्हें घटना में शामिल होना बताकर आरोपी बना दिया गया है, उस समय वो अपने घर पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मौजूद थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि एक व्यक्ति एक ही समय में दो अलग-अलग स्थानों पर कैसे हो सकता है? पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में मनीषा राजे गौर ने बताया कि 29 जून को थाना कोतवाली में दर्ज मारपीट के मामले में उनके बेटे महेंद्र सिंह का नाम शामिल कर दिया गया, जबकि घटना का समय शाम लगभग 7:40 से 8:00 बजे बताया गया है। आवेदन के अनुसार, उस दौरान महेंद्र सिंह गौर अपने घर पर माता-पिता के साथ मौजूद थे और उनकी गतिविधियां घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि फरियादी पक्ष ने रंजिशवश झूठे तथ्यों के आधार पर महेंद्र सिंह गौर का नाम एफआईआर में दर्ज कराया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के समय फरियादी के पिता द्वारा मोबाइल पर बातचीत और धमकी दिए जाने के तथ्य भी कॉल रिकॉर्ड एवं मोबाइल लोकेशन से स्पष्ट हो सकते हैं। आवेदन में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल लोकेशन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में यह साबित हो जाता है कि घटना के समय महेंद्र सिंह गौर कहीं और मौजूद थे, तो उनका नाम एफआईआर से पृथक किया जाए और उन्हें झूठे मामले से राहत दिलाई जाए।

#### यह था मारपीट का मामला

ईदगाह मार्केट के पास हुये जानलेवा हमले में घायल युवक हर्ष राय ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराते हुये बताया था कि 29 जून की शाम अपने परिचित निमित चौधरी के साथ ईदगाह मार्केट स्थित निर्मल मॉल के सामने पहुंचा था। शाम करीब सवा 7 बजे वहां उज्जवल गौर, महेंद्र सिंह गौर, देव उर्फ देवांश तिवारी तथा दो-तीन अन्य युवक पहुंच गए। पीड़ित युवक हर्ष का आरोप है कि आरोपियों ने उसे चारों ओर से घेर लिया, गाली-गलौज करते हुए पांच हजार रुपये की मांग की और पैसे देने से इनकार करने पर हमला कर दिया। घायल युवक हर्ष द्वारा कराई गई एफआईआर में महेंद्र सिंह गौर को भी आरोपी बनाया गया था। इसी को लेकर महेंद्र की माँ ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई।

# आधुनिक तकनीक से सशक्त होगी विवेचना, मिलेगी बेहतर पुलिस सेवाः एसपी

#### 54 विवेचना अधिकारियों को मिले अत्याधुनिक टेबलेट, सीसीटीएनएस प्रशिक्षण के बाद एसपी ने किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



अपराध अनुसंधान को अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में टीकमगढ़ पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त 54 अत्याधुनिक टेबलेट बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के विवेचना अधिकारियों को वितरित किए। इस पहल से अब विवेचना अधिकारी घटनास्थल से ही डिजिटल माध्यम से साक्ष्य संकलित कर प्रकरणों की जानकारी तत्काल ऑनलाइन अपडेट कर सकेंगे। टेबलेट वितरण से पूर्व सभी 54 विवेचना अधिकारियों को सीसीटीएनएस क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स एवं टेबलेट संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ई-साक्ष्य संकलन, घटनास्थल का डिजिटल दस्तावेजीकरण, ऑनलाइन डेटा एंट्री, प्रकरणों का अद्यतन तथा सीसीटीएनएस के विभिन्न मॉड्यूल के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं उपयोगिता पर फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक प्रभावी पुलिसिंग का अभिन्न अंग बन चुकी है। आधुनिक डिजिटल संसाधनों का बेहतर उपयोग अपराध अनुसंधान को अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाएगा, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलने के साथ आमजन को भी बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विवेचना अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे उपलब्ध कराए गए तकनीकी संसाधनों का पूरी दक्षता, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करें, ताकि पुलिसिंग में जनविश्वास और अधिक मजबूत हो सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटारे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सीसीटीएनएस प्रभारी सुनील प्रजापति सहित जिले के सभी विवेचना अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। नई व्यवस्था से जिले में डिजिटल पुलिसिंग को गति मिलने के साथ-साथ विवेचना कार्य और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### प्रसूता महिलाओं ने लगाए पैसे मांगने के आरोप, विधायक बोले- दोबारा शिकायत मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

# सीएचसी में प्रसव के नाम पर वसूली के आरोप, विधायक ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



विधानसभा क्षेत्र जतारा के ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिशंकर खटीक ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जतारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसूता महिलाओं ने विधायक के समक्ष गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि अस्पताल के कुछ नर्सिंग स्टाफ प्रसव कराने के नाम पर अवैध रूप से पैसे मांगते हैं। उनका आरोप था कि पैसे नहीं देने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है, जबकि राशि देने वाली महिलाओं की डिलीवरी सीएचसी में ही कराई जाती है।

#### लगाई फटकार

शिकायतें सुनते ही विधायक हरिशंकर खटीक ने मौके पर मौजूद बीएमओ डॉ. संजय अहिरवार एवं नर्सिंग स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन द्वारा गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, ऐसे में किसी भी महिला से प्रसव के नाम पर पैसे मांगना गंभीर अनियमितता है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक हरिशंकर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि प्रसूता महिलाओं को बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक बिना किसी आर्थिक बोझ के पहुंचना चाहिए। मीडिया से चर्चा के दौरान विधायक हरिशंकर खटीक ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत दोबारा सामने आती है तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विधायक हरिशंकर के औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल परिसर में पूरे दिन हलचल बनी रही। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने शासन के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

# कर्मचारी कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकताः एसपी मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, सशक्त और जनसेवा के प्रति समर्पित बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कर्मचारी संवाद एवं समस्या निराकरण बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत, स्वास्थ्य, पारिवारिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से खुलकर संवाद किया और उनकी समस्याओं को आत्मीयता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों, पारिवारिक परिस्थितियों, अवकाश एवं अन्य प्रशासनिक विषयों से जुड़े मुद्दे रखे, जिन पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में एक पुलिसकर्मी ने अपने बच्चे की गंभीर स्वास्थ्य समस्या से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। इस पर श्री मंडलोई ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्चे के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी तथा संबंधित कर्मचारी को आवश्यक अवकाश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि वह अपने बच्चे के इलाज और देखभाल पर पूरा ध्यान दे सके। पुलिस अधीक्षक के इस व्यवहार से कर्मचारी भावुक हो उठा और उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े लंबित चिकित्सकीय एवं अन्य प्रशासनिक मामलों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने निर्देश दिए कि कर्मचारी हित से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों से किया संवाद**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि कर्मचारी कल्याण केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक मजबूत, प्रेरित और जनसेवा के लिए समर्पित पुलिस बल की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब पुलिसकर्मी मानसिक रूप से निश्चिंत और पारिवारिक रूप से संतुलित होगा, तभी वह समाज को बेहतर सुरक्षा और सेवा प्रदान कर सकेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हुए नियमित परेड, प्रशिक्षण एवं विभागीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### प्रशासन, पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया संदेश जारी कर दिया जागरूकता का संदेश

# सेफ क्लिक अभियान 2.0 से साइबर अपराधियों पर संयुक्त प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की दी गई जानकारी**






बढ़ते डिजिटल लेनदेन और ऑनलाइन सेवाओं के साथ साइबर अपराधों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान को तेज कर दिया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में 24 जून से 8 जुलाई तक चलाए जा रहे सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में बुधवार को भी जिलेभर में लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा जनप्रतिनिधियों के साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए गए। वहीं थाना क्षेत्रों के व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश साझा कर अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता पहुंचाई गई। पुलिस टीमों ने स्कूलों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर विद्यार्थियों, युवाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपाय बताते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई।

जागरूकता कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाएं, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग सहित विभिन्न साइबर अपराधों के नए तरीकों की जानकारी दी। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी अज्ञात कॉल, संदेश, लिंक अथवा ऑनलाइन लेनदेन पर बिना सत्यापन भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पुलिस ने लोगों को यह भी बताया कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी सूचना दें। समय रहते शिकायत दर्ज कराने से ठगी गई राशि को रोकने या वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र आई4सी द्वारा संचालित साइबरदोस्त प्लेटफॉर्म की भी जानकारी दी गई, ताकि नागरिक साइबर सुरक्षा से जुड़ी प्रमाणिक एवं नियमित जानकारी प्राप्त कर सकें। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता, सतर्कता और समय पर कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर जल्दबाजी में भरोसा न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## कलेक्टर ने जरूरतमंद को रेडक्रॉस से 10 हजार रुपए की सहायता दिलाई

# जनसुनवाई में 310 आवेदनों पर सुनवाई कई मामलों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 310 आवेदन प्राप्त हुए। इस बार राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही आवास संबंधी शिकायतों के लिए विशेष टीम तैनात कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### जरूरतमंद को मिली 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद धीरज खटीक, निवासी कैंट गुना को उपचार के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर चेक प्रदान किया।



**राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था से मिला समाधान**

जनसुनवाई में इस बार राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रकरणों के लिए विशेष आवास टीम भी तैनात रही। जनसुनवाई के दौरान चांचौड़ा से 2, राघौगढ़ से 3, आरोन से 3 तथा गुना से 3 सहित कुल 11 आवास संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

### स्वास्थ्य एवं आधार संबंधी सेवाओं का भी मिला लाभ

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनसुनवाई में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही जांच तथा निःशुल्क कानूनी सहायता सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे व प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में टीजीटी संस्कृत अतिथि शिक्षक के लिए 6 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू

**गुना।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), गुना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अतिथि शिक्षक (टीजीटी संस्कृत) के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 6 जुलाई 2026 को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गुना में आयोजित साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियों के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रतियां भी साथ लानी होंगी। विद्यालय प्रबंधन ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

# श्मशान पर दबंगों का कब्जा पटवारी ने बनाई झूठी रिपोर्ट

**ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर की शिकायत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के आरोन क्षेत्र के ग्राम क्षेत्रपाल के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर जनसुनवाई में पूर्व सरपंच के परिवार द्वारा श्मशान भूमि पर अवैध कब्जा करने और हल्का पटवारी द्वारा इस मामले में झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीण राजेश सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, ग्राम क्षेत्रपाल के सर्वे नंबर 57 (रकबा 0.0836) राजस्व रिकॉर्ड में मरघट/श्मशान के नाम दर्ज है। आरोप है कि पूर्व सरपंच के रसूखदार परिवार ने इस शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मक्का की फसल बोकर कब्जा कर लिया है। इस संबंध में जब पीड़ित ने 23 जून 2026 को जिला पंचायत सीईओ को स्पीड पोस्ट से शिकायत भेजी, तो उसे अस्वीकार कर दिया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का पटवारी भावना चौहान ने बिना पंचनामा बनाए अतिक्रमणकारियों के पक्ष में झूठी रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज द।

### ब्लॉक कांग्रेस की सामान्य बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**आरोन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मासिक सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस प्रभारी आबिद खान ने कार्यकर्ताओं की समस्या को प्राथमिकता के साथ उठाने पर जोर दिया आरोन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक सक्रियता के साथ संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि खुर्रम खान एवं कमल प्रजापति, आरोन मंडल अध्यक्ष फारूक बेग, सेवालाल अध्यक्ष मनोज शर्मा, गंगाराम अहिरवार, बंटी राजपूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी मासिक बैठक की रूपरेखा पर अपनी अपनी बात रखी।

### शिक्षा विभाग के नए अधिकारियों से मिला राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

**चांचौड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में जिला शिक्षाधिकारी समर सिंह राठौड़ एवं जिला परियोजना समन्वयक प्रेरणा गुप्ता से मिला। इस दौरान शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई। शिक्षाधिकारी समर सिंह राठौड़ ने कहा कि संघ समय-समय पर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराए, वे हर समय समाधान के लिए तत्पर हैं। जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने दोनों नवागत अधिकारियों को नवीन दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष भगवत प्रसाद ओझा, कोषाध्यक्ष संतोष सक्सेना, जिला सहसचिव विनोद कुमार मीना, विकासखंड गुना अध्यक्ष मोहन, तहसील अध्यक्ष संजय शर्मा, तहसील सचिव बंटी चंदेल, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजन रजक, कमलेश मीना, रामेश्वर मीना, हुकुम सिंह मीना, राजेश रघुवंशी एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता राजकुमार रघुवंशी सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहकारी सप्ताह के तहत गुना में सहकारी ध्वज फहराया, सदस्यों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



प्रदेशभर में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जा रहे सहकारी सप्ताह के अंतर्गत गुना स्थित दुग्ध शीतकेंद्र पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर सहकारिता की भावना को सुदृढ़ करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

कार्यक्रम के दौरान दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में सहकारी ध्वज फहराया गया तथा सभी उपस्थित सदस्यों को सहकारिता के प्रति निष्ठा और सहयोग की शपथ दिलाई गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दुग्ध समितियों परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी नवीन शर्मा, सहकारी निरीक्षक विजय गुप्ता, शिवम सिंघल, जिला सहकारी संघ मर्यादित गुना के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा सहित दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के कर्मचारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### बीए एलएलबी, एलएलबी और क्षेत्र के एकमात्र बी.कॉम एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

**गुना।** क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली विधि शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ओमकार महाविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। कॉलेज के 55 बीघा भूमि में फैले विशाल आधुनिक कैंपस में सत्र 2026-27 के लिए बी.ए. एलएलबी (5 वर्षीय), एलएलबी (3 वर्षीय) और बी.कॉम एलएलबी (5 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीयन शुरू हो गए हैं। वाणिज्य क्षेत्र के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए बी.कॉम एलएलबी में प्रवेश का यह सुनहरा अवसर है, क्योंकि गुना सहित आसपास के 200 किलोमीटर के दायरे (शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़) में यह कोर्स किसी अन्य कॉलेज में संचालित नहीं है। इस अनूठे पाठ्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि इसमें कॉमर्स और कानून दोनों का ज्ञान मिलता है, जिससे कॉर्पोरेट लॉ, बैंकिंग, कंपनी लॉ, टैक्सेशन, जीएसटी और फाइनेंस सेक्टर में बेहतरीन करियर अवसर मिलते हैं। अत्याधुनिक पुस्तकालय, डिजिटल कक्षाओं और अनुभवी शिक्षकों से सुसज्जित इस कैंपस के शुरू होने से अब स्थानीय छात्रों को लॉ की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इच्छुक विद्यार्थियों से करियर सुरक्षित करने की अपील की है।

# आरोन एसडीएम ने पल्स पोलिया अभियान का किया निरीक्षण, बच्चों को पिलाई खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



पल्स पोलियो अभियान के तहत एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री ने सिविल अस्पताल आरोन पहुंचकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई तथा अभियान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री खत्री ने उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, जिससे बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

एसडीएम ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अभियान को सफल बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अमला उपस्थित रहा।

# स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने 14 सरकारी स्कूलों को सीएम राइज में मर्ज किए जाने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्कूल बंद करने पर रोक लगाने की मांग को लेकर पर पछाड़ी खेड़ा चौराहा के पास स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले छात्र, अभिभावक सहित शहर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों ने विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के राज्य समिति सदस्य अमरीक संधू ने कहा कि शिक्षा को सभी तक पहुंचाने के लिए एक समय ज्योतिबा फुले जैसे कई महापुरुषों ने संघर्ष किया लोगों के जनसहयोग से स्कूल स्थापित किए। वहीं स्कूल जो शिक्षा की बुनियाद है उन्हीं स्कूलों को बचाने की लड़ाई आज आजाद भारत में लड़ना पढ़ रहा हैं। यह चिंतनीय है। वर्तमान सरकार सांदीपनी स्कूल में मर्ज कर प्रदेश के 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम कर रही है।

समिति के जिला संयोजक देवेंद्र विजौरे ने कहा कि अशोकनगर में सांदीपनी विद्यालय इटवा (मलखेड़ी) पर खोला गया है और इस स्कूल में शहर के 14 सरकारी स्कूलों को मर्ज कर बंद किया जा रहा है। मगरदा स्थित प्राइमरी स्कूल को पहले ही बंद कर दिया गया, अभी हाल ही में 800 छात्र संख्या वाले पछाड़ी खेड़ा स्थित क्रमांक 02 स्कूल को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है। क्र.2 स्कूल में केवल शहर ही नहीं बल्कि आसपास के आवरी और पलकाटोरी जैसे गांवों से भी बच्चे पढ़ने आते थे। अभी जो सांदीपनी स्कूल बनाया गया है वह शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर है और इन गांवों से लगभग 9 से 10 किमी पड़ेगा। प्रदर्शन को समर्थन देते हुए नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन ने कहा कि स्कूलों को बंद करना आम,मजदूर,किसानों के बच्चों को अनपढ़ रखने की कोशिश है इस सामाजिक आंदोलन में सभी को साथ आना चाहिए।

# मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक, अमरजीत, देवराज और मलखान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमर जीत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनिकेत, राजपाल, गंगाराम, धनपाल, जसरथ, राजकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरी अहीर निवासी मलखान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामपाल, राजीव, रविन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी खलक सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बग्गा सरदार, राजू और भोली सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मक्खन लाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल रैकवार, नीरज राय व एक अन्य ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजलीपुर निवासी राजू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालचन्द्र और बाबू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# राज्य स्तरीय मूल्यांकन में अशोकनगर ने प्रदेशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एससीआरबी पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हॉल), भोपाल में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय आईसीजेएस कार्यशाला में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है।

वर्ष जून 2025 से मई 2026 की अवधि के दौरान सीसीटीएनएस डेटा गुणवत्ता एवं डेटा एंट्री के आधार पर किए गए राज्य स्तरीय मूल्यांकन में जिला अशोकनगर ने प्रदेशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आयोजित समारोह में जिला अशोकनगर को बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह रैंकिंग प्रदेश के सभी जिलों एवं इकाइयों के सीसीटीएनएस के प्रभावी क्रियान्वयन, डेटा गुणवत्ता, डेटा की मात्रा तथा डिजिटल पुलिसिंग के विभिन्न मानकों के व्यापक मूल्यांकन के आधार पर जारी की गई है।



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, सीसीटीएनएस शाखा एवं समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी जिला पुलिस की टीमवर्क, समर्पण, तकनीकी दक्षता एवं डिजिटल पुलिसिंग के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

# नपा अध्यक्ष ने नवीन पानी की टांकियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर में चल रहे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नवीन पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मनोरिया ने सबसे पहले 'नवीन बस स्टैंड' परिसर में निर्माणाधीन पानी की टंकी का जायजा लिया। इसके उपरांत, वे 'ऊर्जा कॉलोनी' और 'त्रिलोकपुरी कॉलोनी' में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। नपा अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदारों को कार्य की प्रगति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए, और कहा गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।

### समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नपा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान नगर पालिका के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**कैलेंडर से गायब 31 जून को बना दिया आखिरी तारीख!**


# अजब-गजब कारनामा: नर्सिंग काउंसलिंग की लास्ट डेट बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश सरकार और उसके तकनीकी सिस्टम की एक बड़ी और हास्यास्पद लापरवाही सामने आई है। प्रदेश में नर्सिंग कोर्स में दाखिला लेने का सपना देख रहे हजारों छात्र इस समय सरकारी सिस्टम की एक ऐसी गलती का शिकार हो रहे हैं, जिसका समाधान खुद कैलेंडर के पास भी नहीं है। सरकार ने नर्सिंग रजिस्ट्रेशन और काउंसलिंग की तारीख तो बढ़ा दी, लेकिन नई तारीख तय कर दी 31 जून जबकि हर कोई जानता है कि जून का महीना सिर्फ 30 दिन का होता है।

### क्या है पूरा मामला?

अशोकनगर जिले सहित प्रदेश भर के कई बच्चे नर्सिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए बेसब्री से काउंसलिंग और रजिस्ट्रेशन का इंतजार कर रहे थे। जिन छात्रों के फॉर्म किसी वजह से नहीं भर पाए थे, उनके लिए सरकार ने राहत देने के नाम पर रजिस्ट्रेशन की तारीख एक दिन आगे बढ़ा दी। लेकिन यह राहत तब आफत बन गई जब सिस्टम पर आखिरी तारीख 31 जून दिखाई देने लगी।



### छात्रों की दुविधा

30 जून खत्म होते ही कैलेंडर और डिजिटल घड़ियों में सीधे 1 जुलाई की तारीख आ गई। लेकिन सरकारी पोर्टल अभी भी 31 जून का इंतजार कर रहा है। इसके चलते छात्र अपना फॉर्म सबमिट नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि ऐसा कोई दिन सिस्टम और हकीकत में मौजूद ही नहीं है। अशोकनगर के युवाओं में भारी आक्रोश जिले के नर्सिंग उम्मीदवारों का कहना है कि सरकार की इस गंभीर लापरवाही के कारण वे भारी असमंजस में हैं। 30 जून की रात जैसे ही खत्म हुई, पोर्टल ने तकनीकी रूप से काम करना बंद कर दिया या एरर दिखाने लगा, क्योंकि सिस्टम 31 तारीख को प्रोसेस नहीं कर पा रहा है।

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**अशोकनगर।** अभियान के दौरान थाना शाढ़ौरा, चंदेरी, देहात एवं नईसराय क्षेत्र में व्याख्यान एवं पम्पलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रमों में आमजन को साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। थाना शाढ़ौरा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा, चंदेरी के अस्पताल चैराहा चन्देरी, थाना देहात की शंकर कॉलोनी अशोकनगर तथा थाना नईसराय द्वारा कस्वा नईसरांय में आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य संस्थानों, जनसेवा केंद्रों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, ओटीपी, बैंकिंग जानकारी एवं व्यक्तिगत गोपनीय सूचनाएं किसी से साझा न करने तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# साइबर सुरक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार अकादमी स्कूल में आज पुलिस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने तथा साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में इंस्पेक्टर नरेश रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें एवं टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर एएसआई संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी। वहीं कांस्टेबल प्रशांत भदौरिया ने भी साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर राजदीप सिंह ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी बादाम सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के सामने से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 08 एन 1622 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से 17 वर्षीय किशोरी की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी राधिका पुत्री सुनील साहू उम्र 17 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह, विनोद गंगवाल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी कोषालय अधिकारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जमीन पर से दिलाया कब्जा

**अशोकनगर।** आवेदक मन्नू पुत्र कोमल आदिवासी द्वारा अपनी कदवाया स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1038/2 रकवा 2.000 हे0 भूमि पर पूरन कुशवाहा पुत्र सुंदरलाल कुशवाहा निवासी ग्राम कदवाया द्वारा कब्जा करने की शिकायत 29 जून 2026 की गई थी। शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर राजस्व दल द्वारा तहसीलदार ईसागढ़ की उपस्थिति में सीमांकन किया गया एवं सर्वे क्रमांक 1038/2 रकवा 2.000 हैक्टेयर में से 0.418 हे भूमि पर कब्जा पाया जाने से कब्जा बलपूर्वक हटवाकर आवेदक को सौंपा गया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 396 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई के क्रम में शहर से लेकर ग्राम तक के 396 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जिन्हें कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा समक्ष में सुना गया। जनसुनवाई में धौरा निवासी वटनबाई द्वारा भूमि पर कब्जा किये जाने, ग्राम कैथन निवासी बिहारी पाल द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम कैनवारा निवासी मूंगा रजक द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम देरखा निवासी ओमकार अहिरवार द्वारा इलेक्ट्रिक साईकिल दिलाये जाने, अशोकनगर निवासी रामकुमार यादव द्वारा समग्र आईडी ट्रांसफर कराये जाने,ग्राम लखेरी बसारती निवासी परमाल अहिरवार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम तूमैन निवासी कांताबाई द्वारा सीमांकन कराये जाने,पिपरई निवासी मालती यादव द्वारा नाली खुलवाये जाने,अथाईखेडा निवासी हरिशंकर कोरी निवासी भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम मूडरा निवासी मुन्नालाल लोधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम कचनार निवासी रामकली बाई द्वारा लाड़ली बहना का लाभ दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी रवि रजक द्वारा संबल कार्ड बनवाये जाने,अथाईखेडा निवासी नोनिता अहिरवार द्वारा वोटर कार्ड व आधार कार्ड बनवाये जाने,ग्राम पिपरोल निवासी जसमन यादव द्वारा सीमांकन कराये जाने,अथाईखेडा निवासी हल्कीबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

## जिले में जमीन संबंधी शिकायतों का लगा अंबार, बेखबर बने जिम्मेदार

# जनसुनवाई में दबंगों से परेशान होकर आवेदक ने स्वयं पर छिड़का केरोसिन

**एक आवेदक पेड भरते हुए पहुंचा तो एक अन्य आवेदक ने नाराजगी जताई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में जमीन संबंधी मामलों की शिकायतें चरम सीमा पर आ रही हैं, जिसे देखों वहीं जमीन को लेकर परेशान है। जन सुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि को लेकर आवेदक पहुंचे। एक ग्रामीण ने स्वयं पर केरोसीन डाला और आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचा, तो दूसरा आवेदक पेड भरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, और एक अन्य आवेदक ने सुनवाई न होने पर नाराजगी जताई।

जब जनसुनवाई का कार्यक्रम चल रहा था उसी दौरान टुण्डा अहिरवार केरोसीन को बोतल में लेकर जनसुनवाई में पहुंचा उसने स्वयं पर पूरा केरोसीन डाल लिया जैसे ही इस बात का पता अधिकारियों का चला हड़कंप मच गया। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी उसे पकड़ कर समझाइस देते हुए नजर आए। इस दौरान टुण्डा अहिरवार ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर रातीखेडा में अवैध कब्जा कर लिया है, प्रशासन पहले कब्जा हटवा चुका है लेकिन दंबगों ने फिर से कब्जा कर लिया है।

प्राथी की भूमि ग्राम रातीखेडा तह अशोकनगर जिला अशोकनगर में स्थित है जिसका सर्वे कमांक 987/2 है। जिस पर राजपाल यादव पुत्र रघुवीर सिंह यादव निवासी ग्राम रातीखेडा कब्जा किये हुये है जिसकी आवेदक द्वारा सीमांकन की नपती की फीस भरकर पूर्व में सीमांकन नपती मौके पर करवा दी गयी थी एवं मौके पर पटवारी आरआई० द्वारा आवेदक को कब्जा सौंप दिया गया था तथा सीमा चिन्ह गाड दिये थे लेकिन फिर भी उक्त राजपाल यादव द्वारा बल पूर्वक मेरी जमीन पर पंजा फैरकर सीमा चिन्ह हटा दिया है। मौके पर उक्त व्यक्ति टैक्टर नही जाने दे रहा है जिससे फसल की बोवनी नहीं हो पा रही है।

### भू माफिया ने मुक्ति नहीं मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग की



कृषक रघुनाथसिंह पुत्र प्राग शिह दांगी निवासी ग्राम भ्याना तहसील बहादुरपुर में खसरा नं. 318/3/1/3 रकवा 2.100 भूमि स्थित है। लेकिन भू माफिया उसकी जमीन पर कब्जा कर हरे हैं, उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस के साथ पहले भी उक्त जमीन का सीमांकन हो चुका है, जिसे लेकर उसने इच्छा मृत्यु की स्वीकृति मांगी है। वह कलेक्टर कार्यालय में पेड भरते हुए पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई। कृष्क आवेदन देकर कई बर्षो से थक चुका है। जनसुनवाई में श्यामा पुत्र हल्लू निवासी बमनावर शिकायत लेकर पहुंचा कि उसकी कुटीर पर रंजीत, धर्मेन्द्र, आदि ने कब्जा कर लिया है, और खाने का सामान तक उठाकर बाहर फैक दिया है, कुसी डालकर रह रहे हैं तथा उसके रूपए भी नहीं दिए जा रहे हैं, जिसे लेकर उसने जनसुनवाई में नाराजगी जताई और वह गुस्सा होते हुए नजर आया, जिसे अधिकारियों द्वारा समझाईस दी गई।

## स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिडे द्वारा संयुक्त रूप से विकासखण्ड चंदेरी के ग्राम नावनी, चक्क नावनी व सिंहपुर चाल्दा के आंगनवाडी केन्द्र व स्वास्थ्य अमले के कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया।

चक्क नावनी व सिंहपुर चाल्दा पीब्हीटीजी मजरे हैं। जिनमें सहरिया जनजाति की बाहुल्यता हैं। आंगनवाडी केन्द्र नावनी व चक्क नावनी की आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका विनोद कुमारी ओझा, रेशु राजा, पूजा मिश्रा व शीलकुमार आंगनवाडी केन्द्र पर प्रातः 10 बजे तक उपस्थित नही होने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 05-05 दिन का मानदेय काटने के निर्देश संबधित पर्यवेक्षक को दिये। सिंहपुर चाल्दा व चंदेरी शहर में बाल मृत्यु की समीक्षा की गई। अधिकारीद्वय द्वारा मृत बालिका के घर जाकर मृत्यु की परिस्थिति जन्य स्थितियों की समीक्षा की गई। सिंहपुर चाल्दा में आंगनवाडी कार्यकर्ता मीरा बाई केन्द्र पर उपस्थित नही थी, जबकि पर्यवेक्षक को पूछने पर ज्ञात हुआ कि आंगनवाडी कार्यकर्ता के द्वारा उपस्थिति का फोटो ग्रुप में भेजा जा चुका हैं। स्पष्ट था कि आंगनवाडी कार्यकर्ता ने ग्रुप में जो फोटो भेजा था वह पूर्णतः असत्य एवं फर्जी था। आंगनवाडी कार्यकर्ता के इस कृत्य के लिये अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये मीरा बाई का माह जून 2026 का मानदेय काटने का आदेश जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा दिया गया। आंगनवाडी सहायिका हेमलता साहू की लापरवाही पाये जाने पर 15 दिन का मानदेय काटने का आदेश दिया गया। ग्राम नावनी में स्वास्थ्य अमले में ग्राम में अनुपस्थिति का कारण बताते हुये कहां था कि सभी लोग पल्स पोलियो अभियान में व्यस्त हैं, जबकि ग्राम में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घरो में पोलियो अभियान का चिन्हांकन नही लिखा गया हैं। भ्रामक जानकारी देने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य अमले को नोटिस जारी करने के निर्देश खण्ड चिकित्सा अधिकारी को दिये गये। एन.आर.सी. चंदेरी का भी भ्रमण किया गया, वर्तमान में 19 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। बच्चो को दी जाने वाली डाईट व महिलाओं को दिये जाने वाले भोजन के संबध में व भर्ती बच्चो की देखभाल व परामर्श हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत दुवे को निर्देश दिए।

### विधायक ने कहाः पानी को सहेजने की जरूरत

## तहसील परिसर में रोपे आम, कटहल और सहजन के पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर स्थानीय तहसील कार्यालय परिसर में मंगलवार दोपहर जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन पर्व मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री राव बृजेन्द्र सिंह यादव एवं विषिष्ट अतिथि के तौर पर कलेक्टर साकेत मालवीय उपस्थित रहे।

आयोजन में कलेक्टर मालवीय ने जहां जल संरक्षण के महत्व को समझाया और जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं विधायक ने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि एक दौर था जब बारिष के दिनों में कहीं-कहीं जमीन से पानी अपने आप सोता बनकर फूटने लगता था, अब स्थिति यह आ गई है कि 700 फीट गहरा खनन करने के बाद भी पानी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को सहेजने की जरूरत है, साथ ही जरूरत है कि हम नदी, तालाब, प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण पर ईमानदारी से काम करें। उन्होंने बहादुरपुर क्षेत्र में धान की खेती का उदाहरण देते हुए कहा कि अषोकनगर जिले में सबसे ज्यादा धान की पैदावार बहादुरपुर क्षेत्र में होती है। क्योंकि इस क्षेत्र में कोंचा, मोला जैसे बड़े बांध हैं और कैथन, कोंचा, मोला जैसी सदानीरा नदियां हैं।

### तहसीलदार ने परिसर में लगवाए फलदार पौधे

बहाद्रुरपुर के तहसीलदार कैलाष मालवीय ने इस कार्यक्रम में पौधारोपण कराया। उन्होंने तहसील परिसर को हरा-भरा रखने के उद्देष्य से दस फलदार पौधे लगवाए, जिनमें आम, कटहल एवं सहजन के पौधे थे। इन पौधों को कलेक्टर एवं विधायक ने अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ रोपा। तहसीलदार श्री मालवीय ने कहा कि इन पौधों को वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इस दौरान जिपं सीईओ राजेष जैन, एसडीएम बीबी श्रीवास्तव, जपं सीईओ आलोक प्रताप इटोरिया, भाजपा नेता धर्मेन्द्र जैन एवं खलक सिंह यादव समेत अन्य मौजूद रहे।



### माह जून में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार माह जून 2026 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को जनसुनवाई कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवकों ने शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन किया है। शासकीय सेवा से मुक्त होने पर अब अपने परिवारजनों के साथ बेहतर जीवन व्यतीत करे। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहे । उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं दीघार्य जीवन की कामना की। सम्मान समारोह में माह जून 2026 में सेवानिवृत्त हुए 12 शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## हत्या के मुख्य आरोपी पर की कार्रवाई, ग्वालियर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला अशोकनगर के थाना बहादुरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर हुई हत्या के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर उसे केंद्रीय जेल ग्वालियर निरुद्ध कराने हेतु भेजा गया।


उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.06.2026 को फरियादी वीरन पुत्र इमरत सिंह गुर्जर, निवासी ग्राम पुरा मथाना ने थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेत पर जाने के रास्ते के विवाद को लेकर शैतान सिंह गुर्जर एवं उसके परिवार के सदस्यों ने उसके भाई बृजेश की हत्या कर दी। रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने मात्र 08 घंटे के भीतर प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी रामक्रेश गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, राजकुमार गुर्जर एवं लक्ष्मण उर्फ गोटीराम गुर्जर को गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण का मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर घटना के बाद से फरार चल रहा था तथा फरारी के दौरान फरियादी एवं पीड़ित पक्ष को धमकाकर क्षेत्र में भय एवं दहशत का वातावरण निर्मित कर रहा था। आरोपी की गतिविधियों की गंभीरता एवं लोक-शांति पर प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला दण्डाधिकारी अशोकनगर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में जिला दण्डाधिकारी अशोकनगर साकेत मालवीय द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए आरोपी शैतान सिंह गुर्जर पुत्र नारायण सिंह गुर्जर, उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम पुरा मथाना, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निरुद्ध किए जाने के आदेश जारी किया गया।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी बहादुरपुर एवं विशेष तकनीकी टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शैतान सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर विधिवत केंद्रीय जेल ग्वालियर भेज दिया।

## यह कैसी स्मार्ट सिटी...एक ही बारिश में सड़कें तालाब में तब्दील!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली





नगर परिषद मुंगावली की स्टेशन रोड़ पर मानसून की पहली बारिश के आते ही रोड़ तालाब बन गई हैं, जगह जगह पूरी रोड़ गद्दों में तब्दील हो गई थी पर नगर परिषद ने रोड़ को बनवाना तो दूर गडडे भी भरवाना मुनासिब नही समझा। अब नगर के लोगों को स्टेशन जाने में बड़ी दिक्कत आ रही हैं। यह वही शहर है जिसे विधानसभा के उप चुनाव में स्मार्ट सिटी की सौगात दी गई थी। अगर स्मार्ट सिटी बनाई गई है तो शहर भी स्मार्ट दिखना चाहिए।

इस रोड़ पर पेट्रोल पंप स्कूल श्री राम इक्छा कुटी मंदिर के साथ साथ तहसील एसडीएम कार्यालय, लोकसेवा केंद्र कृषि विभाग, जनपद पंचायत बन विभाग, रजिस्टार ऑफिस, रेस्टहाउस सहित सभी अधिकारियों के निवास भी इसी रोड़ पर आते है पर प्रशासन आंख बंद करके बैठा है। नगर के अधिकांश रोड़ बारिस में जलमग्न है और नगर परिषद की अनदेखी की पोल खोल रहे नगर के लोगो ने सोशल मीडिया पर चंदा करके स्टेशन रोड के गडडे भरवाने का अभियान चलाने जैसे व्यंग कसते नजर आ रहे है। पर मजाल है कि नगर प्रशासन के कानों पर जु भी रेंगती नजर नही आ रही है।

### स्मार्ट सिटी के तहत बनाई गई बेहतरीन सीसी सड़क को खोदकर छोड़ीं अधूरी

नगर परिषद द्वारा चन्देरी रोड़ ईदगाह के पास से निकाली गई करोड़ो रूपये की लागत से बनाई गई सीसी सड़क को वारिस के आने से एक माह पहले से वायवेटर ओर जेसीवी मशीनों द्वारा उखाड़ दी गई पर बनाने के नाम पर मोहल्ले बालो को नजर नही आ रही है। सिर्फ लोगो के घरों के सामने गहरी खाई खोदकर छोड़ दिया है ठेकेदार गायब है नगर परिषद में मोहल्ले वालों की फरियाद सुनने बाला कोई नही है। वारिस का पानी पहले घरों में भरता था जिसको लेकर परेशान मोहल्ले बाले अब इन गहरी खाइयों से ओर परेशान होंगे। चारो तरफ से निकलने के रास्ते बंद कर दिए गए है बार्ड क्रमांक एक गुर्जर मोहल्ला ईदगाह रोड़ के निवासी बहुत परेशान है रोड़ को खोदकर ठेकेदार गायब है लोगो के बृद्ध माता पिता घरों में कैद है बाहर 6 फिट गहरी ओर 6 फिट चैड़ी खाई खोद दी गई है। लोगो ने अपनी फरियाद को नगर परिषद में लेकर गए पर कोई सुनवाई नही हुई इसके बाद मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायते लगाई गई है। अब देखते है नगर प्रशासन मुंगावली में जलभराव ओर रोड बन रहे तालाबों की कब तक सुधार करते है।

### हरिभूमि विशेषांक का मुनिश्री के समक्ष हुआ विमोचन, आचार्य श्री के गुणगान में जीवन भी कम पड़ जायेगाः धुर्रा

# कठोर साधना कर आचार्य श्री ने मुनि मार्ग को भी सरल बना दियाः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जैन दर्शन के विश्व विख्यात संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 59वा मुनि दीक्षा दिवस समारोह श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में आदिश्वर धाम सुभाषगंज में परम पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जहां आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा थूवोनजी के पूर्व कोषाध्यक्ष पदम वाझल पिम्मी पूर्व मंत्री विनोद मोदी गोशाला अध्यक्ष दिनेश महिदपुर ने किया ।

### भक्ति भाव से संगीत के साथ की महापूजन

जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ आचार्य श्री की संगीतमय भजनों के मध्य महा पूजन की गई। जिसका स्थापना का सौभाग्य श्री सुधा सागर महिला मंडल को जल चन्दन का श्री विद्यासागर महिला मंडल द्वारा अक्षय पद पाने की भावना से अक्षत गौशाला कमेटी ने पुष्प अर्पित करते का सौभाग्य दर्षनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी को नै वेद्य अर्पित करने जैन युवा महिला वर्ग को दीप महिला महा समिति को धूप गंज मन्दिर ट्रस्ट कमेटी श्री फल समर्पित करने का सौभाग्य श्री दि जैन युवा वर्ग के साथियों को मिला वहीं अर्घ समर्पित भक्तों द्वारा समर्पित किया गया।

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि इस युग का सौभाग्य है कि इस युग में आचार्य श्री आये और हम सब का सौभाग्य है कि हम सब आचार्य श्री विद्यासागर जी महारिषि राज के युग में जन्मे कुछ समय का ही अंतर पड़ जाता तो आचार्य भगवंत के दर्शन नहीं हो पाते। आज जन्मे बच्चे इस सौभाग्य से वंचित रहेगे उन्होंने अपनी कठिन साधना और चर्या से युवाओं को प्रेरित ही नहीं किया। बल्कि मोक्षदायिनी इस कठिन डगर पर चलने की प्रेरण दे आये बढ़ाया। इसके साक्षात उदाहरण इन्दौर जैसे महानगर में जन्मे मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज हमारे सामने विराजमान हैं इतनी निष्पक्षता निशप्रहिता सिर्फ संत में ही देखने को मिल सकती।

### थूवोनजी को आचार्य श्री के दो चार्तुमास का सौभाग्य मिला

युवा वर्ग के संरक्षण विनोद मोदी ने कहा कि आचार्य श्री के दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में एक नहीं दो दो चातुर्मास हुआ। जब भी अशोकनगर का प्रतिनिधित्व मंडल जाता हमेशा ही उनका प्रोत्साहन रहा अशोकनगर में उनके आशीर्वाद से सबसे पहले परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ का चातुर्मास हुआ और समाज की दशा और दिशा दोनों में अमूल्य चूल परिवर्तन आया इस वर्ष के चातुर्मास ने तो इतिहास लिख दिया शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि आचार्य भगवंत के चरणों में हमारे नगर से अनेक भाई बहनों ने अपना सव कुछ गुरु चरणों में समर्पित कर मोक्षमार्गी वनकर नगर को गोरवान्वित किया है।

### हरिभूमि विशेषांक का मुनि के समक्ष हुआ विमोचन

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के साथ ही महोत्सव को लेकर हरिभूमि विशेषांक का विमोचन मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय जैन धुर्रा विनोद मोदी पदम कुमार वाझल पिम्मी दिनेश महिदपुर सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया, इस दौरान शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि आज प्रमुख दैनिक हरिभूमि के माध्यम से आप लोगों तक आचार्य भगवंत की गोरव गाथा के साथ अन्य लेख पढ़ने को मिलेगा।

### शब्द के कई भेद होते हैं

धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि शब्द के भी कई भेंद होते हैं एक जगह उसका अर्थ कुछ निकलता है शब्द वही लेकिन उसी शब्द का दूसरे प्रसंग में अर्थ बदल जाता है जव किसी वस्तु को आपको भेंट में देना है तो आप बोल देते हैं मैं भी दूंगा।